कोटद्वार, शनिवार
7 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 279 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### जड़भरत घाट से गंगा मंदिर तक पार्क बना शराबियों का अड्डा

उत्तरकाशी। गंगा किनारे जड़भरत घाट से गंगा मंदिर तक निर्मित सार्वजनिक पार्क सहित अन्य घाटों पर शराबियों का जमघट लगा रहता है। शराब पीने वालों की तादाद अंधेरा होने के साथ बढ़ने लगती है। यहां गंगा किनारे बैठ कर खुलेआम शराब पीने वालों को पुलिस का खौफ नहीं है। इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं तो आहत हो ही रही है। साथ ही देश–विदेश में तीर्थनगरी की छवि भी खराब हो रही है। स्थानीय निवासी अजय प्रकाश बडोला, मान सिंह रावत, बिरेंद्र पुरी, अनिल पुरी, राजेश बिज, तनुजा राणा, अजय बहुगुणा, प्रीतम गुंबर, विष्णु पाल सिंह रावत, मुनेंद्र रावत ने इस संबंध में प्रशासन और पुलिस को पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे जड़भरत घाट से गंगा मंदिर तक निर्मित सार्वजनिक पार्क है। इसमें स्थानीय बुजुर्ग शांत वातावरण के लिए घूमने आते हैं। साथ ही इस स्थान पर बच्चे खेलने आते हैं लेकिन कुछ दिनों से शाम होते ही शराबियों का अड्डा बन गया। कहा कि कुछ बुजुर्ग लोग वहां सुबह घूमने गए तो वह शराब एक बैंच पर अंग्रेजी शराब की बोतल और गिलास पड़े दिए।

### रामनगर में हीटर जलाकर सोए सेवानिवृत्त कर्मचारी की दम घुटने से मौत

हल्द्वानी। हीटर जलाकर सोए रामनगर निवासी राज्य कर विभाग से सेवानिवृत्त एक कर्मचारी की मौत हो गई। घटना की वजह दम घुटना बताया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक राज्य कर विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी 67 वर्षीय मोहन सिंह रामनगर के पीरूमदारा में रहते थे। शुक्रवार को हल्द्वानी के पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आए। इस पर आसपड़ोस और परिवार के लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो मोहन सिंह अचेत पड़े मिले। उन्हें तत्काल रामनगर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। तेजी से गिर रहे ऑक्सीजन स्तर और उनकी हालत गंभीर होते देख डॉक्टरों ने उन्हें डॉ.सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मेडिकल चौकी प्रभारी रविंद्र राणा ने बताया कि प्रथमदृष्टया मौत का कारण दम घुटना बताया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बुजुर्ग की मौत की स्थिति साफ होगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

रुद्रपुर। बंगाली कॉलोनी आजादनगर वार्ड–2 में घर के अंदर किशोरी का शव साड़ी के फंदे में लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि आजाद नगर बंगाली कॉलोनी में एक किशोरी ने साड़ी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा की परिजनों ने शव को कमरे के फर्श पर लिटा रखा था। आजाद नगर पुलिस चौकी इंचार्ज पवन जोशी ने बताया कि 15 वर्षीय डॉली घर पर ही रहती थी। उसके पिता बंटी एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते हैं। बंटी के अनुसार, गुरुवार को डॉली घर में अकेली थी। उसने घर के अंदर कमरे में साड़ी का फंदा बना कर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। शोर शराबा होने पर घरवाले मौके पर पहुंच गए।

### तेलंगाना में नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगी के कविता, चंद्रशेखर राव की बेटी का बड़ा एलान

नई दिल्ली ,भारत राष्ट्र समिति की पूर्व सदस्य और के चंद्रशेखर राव की बेटी, के कविता तेलंगाना में एक नई पार्टी बनाने जा रही हैं।के कविता ने यह एलान तब किया, जब दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत 23 लोगों को दिल्ली शराब घोटाले के मामले में बरी कर दिया। दिल्ली शराब घोटाले में बरी होने के बाद के कविता तिरुमाला में तिरुपति बालाजी मंदिर गईं। एएनआई से बात करते हुए के कविता ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि भगवान बालाजी के आशीर्वाद से हम जल्द ही तेलंगाना राज्य में एक पॉलिटिकल पार्टी बनाने जा रहे हैं।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज हरिद्वार में

# जन–जन की सरकार : चार साल बेमिसाल कार्यक्रम में करेंगे प्रतिभाग

**– कार्यक्रम को लेकर शासन–प्रशासन की सभी तैयारियाँ पूर्ण, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के स्वागत के लिए सज–संवर रहा है हरिद्वार शहर, मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को हरिद्वार का भ्रमण कर कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा**

देहरादून। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार, 7 मार्च 2026 को हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम ह्यजन–जन की सरकार : चार साल बेमिसालह्ल में प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर शासन–प्रशासन द्वारा सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा अमित शाह के स्वागत के लिए कार्यक्रम स्थल बैरागी कैम्प के साथ ही हरिद्वार शहर को सजाया–संवारा जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार का भ्रमण कर इस विराट आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैरागी कैम्प पहुँचकर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा स्थल, मंच, प्रदर्शनी क्षेत्र, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सुचारु आयोजन के लिए सभी तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारी भली–भाँति परीक्षण कर लें। उन्होंने आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही वे राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी तथा नई न्याय संहिताओं पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर शाह राज्य के विकास से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान वन मंत्री सुबोध उनियाल, भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन विनय रोहिला, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, मेयर नगर निगम हरिद्वार किरन जैसल, मेयर नगर निगम रूड़की अनीता देवी, नगर पालिका ऋषिकेश के अध्यक्ष शंभू पासवान, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा के हरिद्वार जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डे, एडीजी अजय प्रकाश अंशुमन, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप, कुंभ मेलाधिकारी सोनिका, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रूहेला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, एमडी सिडकुल सौरभ गहरवार, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार तथा एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## झंडे मेले को सुरक्षा कड़ी, आठ को डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

देहरादून। आगामी आठ मार्च को आरोहण के साथ झंडा मेला शुरू होने जा रहा है। आरोहण के दौरान शहर में कई रूटों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। साथी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शुक्रवार को एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीटीवी के साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया। एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह ने बताया कि मेले में आने वाले लोग जाम से बचने के लिए अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। ये रहेगा आठ मार्च का ट्रैफिक प्लानबिंदाल से तिलक रोड और तालाब की ओर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। सहारनपुर चौक और कांवली रोड (गुरुराम राय स्कूल की ओर) से दरबार साहिब–तालाब की ओर कोई वाहन नहीं जा सकेगा।पीपल मंडी चौक से हनुमान चौक–सहारनपुर चौक जाने वाले वाहनों को दर्शनी गेट होते हुए भेजा जाएगा। वहीं, बैंड बाजार की ओर से दरबार साहिब जाने वाले वाहनों को तिलक रोड–मच्छी बाजार की ओर डायवर्ट किया जाएगा।यहां लगेंगे बैरियरःसहारनपुर चौक, गऊघाट तिराहा, दर्शनी गेट, पीपल



मंडी चौक, तालाब के चारों ओर और भंडारी चौक (गुरुद्वारे की ओर आने वाले सभी मार्गों) पर बैरियर लगाए जाएंगे।यदि यातायात का दबाव बढ़ता है तो निरंजनपुर मंडी और बल्लीवाला चौक से सहारनपुर चौक की ओर आने वाले ट्रैफिक को कमला पैलेस की ओर मोड़ दिया जाएगा। इसी तरह लालपुल से सहारनपुर चौक आने वाले ट्रैफिक को निरंजनपुर मंडी की ओर डायवर्ट किया जाएगा।–––ड्रोन व सीसीटीवी से होगी निगरानीः शुक्रवार को एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने मेला क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

## मिडिल ईस्ट टेंशन के बीच भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत!

### अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर दी ये बड़ी छूट

नई दिल्ली , मिडिल ईस्ट में मचे बवाल और भारत पर मंडराते संभावित तेल संकट के खतरे के बीच एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जो अमेरिका लगातार भारत पर रूसी तेल का आयात कम करने का भारी दबाव बना रहा था, उसी के ट्रेजरी विभाग ने अब एक बड़ा यू–टर्न ले लिया है। अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की विशेष अस्थायी छूट दे दी है। इस अचानक लिए गए फैसले से उन रूसी तेल टैंकरों को बड़ी राहत मिली है, जो हफ्तों से समुद्र में फंसे हुए थे और जिन्हें कोई खरीदार नहीं मिल रहा था।

**समुद्र में क्यों लावारिस खड़े थे करोड़ों के तेल टैंकर?**

नए अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भुगतान और बीमा को लेकर भारी अनिश्चितता पैदा हो गई थी। इसी खौफ के कारण रूसी तेल टैंकरों का तेल बंदरगाहों पर तुरंत उतारा नहीं जा रहा था। अमेरिकी सख्ती के



चलते इन जहाजों की पोर्ट एंट्री और पैसों के लेन–देन पर बड़े सवाल खड़े हो गए थे। इसी वजह से भारतीय तेल रिफाइनरियों ने भी किनारे कर लिया था ताकि वे अनजाने में किसी अंतरराष्ट्रीय नियम या प्रतिबंध का उल्लंघन न कर बैठें। नतीजा यह हुआ कि तेल से लदे ये विशाल जहाज बीच समुद्र में ही रोक दिए गए। लेकिन अब अमेरिका से हरी झंडी मिलने के बाद इन जहाजों का तेल भारत आने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

**ईरान की चाल नाकाम करने के लिए ट्रंप प्रशासन का बड़ा दांव**

अमेरिका का यह कदम मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर रखने की एक सोची–समझी रणनीति का हिस्सा है। अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि इस छूट से वैश्विक बाजार में तेल की सप्लाई चेन बनी रहेगी और ईरान द्वारा दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को बंधक बनाने की कोशिशें नाकाम होंगी। अमेरिकी अधिकारी बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सझ् पर भारत को एक बेहद जरूरी साझेदार बताते हुए स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के तहत तेल और गैस का उत्पादन अपने उच्चतम स्तर पर है।

**रूस को नहीं होगा कोई बड़ा फायदा**

अमेरिका ने यह भी साफ कर दिया है कि 30 दिनों की यह छूट केवल एक अल्पकालिक उपाय है और इससे रूसी सरकार को कोई बहुत बड़ा वित्तीय लाभ नहीं होने वाला है। यह अनुमति सिर्फ और सिर्फ उन तेल जहाजों के लिए दी गई है जो पहले से ही समुद्र में फंसे हुए थे। साथ ही, अमेरिका ने यह स्पष्ट उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में नई दिल्ली अमेरिकी तेल की खरीद में इजाफा करेगी।

### 22 वर्षों से लापता युवक को मृत दिखा हड़पी करोड़ों की जमीन

देहरादून। दून में जमीन हड़पने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 22 साल से लापता एक युवक को कागजों में मृत दर्शाकर उसका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया और फिर करोड़ों की जमीन पहले मां के नाम दर्ज करवाई और बाद में उसे बेच डाला। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने इस विवादित जमीन पर बैंक से लोन भी ले लिया। मूल रूप से नालासोपारा, महाराष्ट्र निवासी बुजुर्ग महिला प्रतिमा लाखीराम कंसवाल के पावर ऑफ अटॉर्नी धारक अर्जुन सिंह भंडारी ने आईजी गढ़वाल को दी शिकायत में बताया कि अजबपुर खुर्द में उनके बेटों विनोद और राकेश के नाम 406 वर्गमीटर जमीन है। छोटा बेटा राकेश साल 2004 से मुंबई से लापता है। जमीन खरीदने के बहाने प्रदीप सकलानी नाम के व्यक्ति ने परिवार का भरोसा जीता और लापता बेटे को कोर्ट के जरिए मृत घोषित कराकर जमीन मां के नाम कराने का झांसा दिया। आरोपी ने जमीन के कागजात और आधार कार्ड हासिल करने के बाद बड़े पैमाने पर जालसाजी की। आरटीआई में पता लगा कि राकेश का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र और उसके जरिए उत्तरजीवी प्रमाण पत्र बनवाया गया। फर्जी विरासत दर्ज कराने के बाद प्रदीप ने यह जमीन बलबीर भंडारी, दिनेश उनियाल और इंदु उनियाल को बेच दी। शिकायत है कि इन खरीदारों ने मिलीभगत कर इस जमीन पर इंडियन बैंक से लोन भी ले लिया। इस पूरे खेल में प्रदीप की पत्नी संध्या सकलानी, मनोज भंडारी और अजय सजवाण की भूमिका भी सामने आई है। एसओ नेहरू कॉलोनी संजीत कुमार ने बताया कि शिकायत पर फर्जीवाड़े में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मौसम विभाग के अनुसार 7 से 12 मार्च तक राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना

### – 6 दिन इन जिलों की चोटियों पर बारिश के आसार

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार 12 मार्च तक राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। खासकर ऊंची चोटियों पर 7, 8, 9, 10, 11 और 12 मार्च को मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान चोटियों पर हल्की बारिश या बर्फ गिर सकती है। मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण आएगा। उत्तराखंड के साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू–कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में भी मौसम बदलने का अनुमान है।

7 और 8 मार्च को इन जिलों में बारिशः मौसम विभाग ने 7 और 8 मार्च को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में 4000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाली कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना जताई है।

9 से 12 मार्च तक इन जगहों पर बारिशः मौसम विभाग ने 9 से लेकर 12 मार्च को उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3800 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाली कुछ जगहों पर बहुत हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है।



मैदान में नहीं, चोटियों पर गिरेगा तापमानः अगले 2–3 दिनों में उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में तस्वीर कुछ अलग होगी। अगले 1 से 2 दिनों के दौरान उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों खासकर ऊंचाई वाले इलाकों और चोटियों पर अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

हिमाचल प्रदेश में भी मौसम रहेगा खराबः उत्तराखंड के अलावा हिमाचल प्रदेश में भी मौसम खराब रहेगा। हिमाचल प्रदेश में 12 मार्च तक बारिश और बढ़ती गर्मी का मिला–जुला असर दिखेगा। हिमाचल प्रदेश में 7, 9 और 10 मार्च को ऊंची चोटियों पर हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है जबकि 9 मार्च से सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कारण 11 और 12 मार्च को भी मौसम खराब रहने की संभावना है। वहीं कुल्लू, मंडी और सोलन जैसे जिलों में दोपहर के समय गर्म हवाएं चलने का अनुमान है।

चारधाम यात्रा 2026 : ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

## 19 अप्रैल से खुलेंगे गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट

देहरादून , चारधाम यात्रा–2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आज सुबह 7 बजे से शुरू हो गया है। जबकि 17 अप्रैल से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। उत्तराखंड सरकार ने यात्रा से पहले रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उत्तराखंड सरकार की वेबसाइट रजिस्ट्रेशन डीटूरिस्टकेयर.यूके.जीओवी.इन और मोबाइल ऐप टूरिस्ट केयर उत्तराखंड से कर सकते हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 19 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुलेंगे। 22 अप्रैल को केदारनाथ और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। श्रीहेमकुण्ड साहिब की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी।

उत्तराखंड सरकार की ओर से बताया गया है कि चारधाम यात्रा 2026 में आने



के लिए भारतीय श्रद्धालु अपना पंजीकरण आधार कार्ड के माध्यम से कर सकेंगे, जबकि विदेशी श्रद्धालुओं के लिए ई–मेल आईडी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिन श्रद्धालुओं के पास आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है, उनके लिए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंजीकरण काउंटरों की व्यवस्था की गई है। इन काउंटरों पर रजिस्ट्रेशन कपाट खुलने से दो दिन पूर्व, 17 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ की जाएगी। पंजीकरण केन्द्र एवं ट्रांजिट कैंप ऋषिकेश, पंजीकरण केन्द्र ऋषिकुल ग्राउंड हरिद्वार और पंजीकरण केंद्र विकास नगर देहरादून में खुलेंगे। श्रद्धालु किसी भी प्रकार की जानकारी या असुविधा होने पर टोल फ्री नंबर 0135–1364 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा में आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि यात्रा को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए यात्रा से पूर्व अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवा लें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यमुनोत्री से यात्रा शुरू करने पर चारधाम यात्रा में किसी भी प्रकार की रुकावट भक्तों को नहीं आती है। यमुनोत्री, यमुना नदी का उद्गम स्थल है। यमुना जी यमराज की बहन हैं और उन्हें वरदान प्राप्त है कि वह अपने जल के माध्यम से सभी का दुख दूर करेंगी। मान्यता है कि जो श्रद्धालु यमुनोत्री में स्नान करता है, उसे मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

### बस और ट्रक की टक्कर में 4 की मौत, 25 से अधिक घायल

रायपुर ,छत्तीसगढ़ के रायपुर बिलासपुर मार्ग पर स्थित –130 में शुक्रवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। सिमगा थाना क्षेत्र के दरचुरा के पास यात्रियों से भरी बस को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस भीषण टक्कर में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम और सिमगा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है तथा घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि बस की टक्कर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर या ट्रक से हुई।

## अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, 6 की मौत, 9 गंभीर घायल

जशपुर ,छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। करडेगा से कुनकुरी की ओर आ रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। वहीं 9 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त बस अनमोल बस एजेंसी की बताई जा रही है। बस में करीब दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। हादसा करडेगा चौकी क्षेत्र के गोड़ाअंबा के पास हुआ। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई और अफरा–तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया तथा घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की



टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए तीन एम्बुलेंस घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## मध्य पूर्व के कुछ देशों से भारतीय एयरलाइंस ने फिर शुरू की सीमित उड़ान सेवाएं

नई दिल्ली ,इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट सहित घरेलू एयरलाइंस ने शुक्रवार से मध्य पूर्व से आने–जाने वाली सीमित उड़ान सेवाओं को धीरे–धीरे फिर से शुरू कर दिया है। हालांकि अमेरिका–इजरायल और ईरान युद्ध से जुड़े हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण अब भी हजारों उड़ानें रद्द हैं। इंडिगो ने बताया कि वह शुक्रवार को मध्य पूर्व के आठ गंतव्यों के लिए 17 उड़ानें (34 सेक्टर) संचालित करेगी और सरकार के साथ मिलकर सुरक्षित तरीके से सेवाएं पूरी तरह बहाल करने पर काम कर रही है। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों द्वारा सऊदी अरब और ओमान के हवाई क्षेत्र खुले होने की पुष्टि के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने जेद्दा और मस्कट



से आने–जाने वाली उड़ानों को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने कहा कि वह 6 और 7 मार्च को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत के लिए विशेष उड़ानें संचालित करेगी। इसके अलावा यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए 8 मार्च को भी अतिरिक्त उड़ानें चलाई जाएंगी। इंडिगो ने यह भी कहा कि जिन यात्रियों की उड़ानें बुक हैं, उनसे एयरलाइन सीधे संपर्क करेगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि एयरलाइन से सूचना मिलने के बाद ही एयरपोर्ट जाएं। एयर इंडिया ने 6 मार्च को दुबई, रास अल खैमाह और फुजैराह जैसे केंद्रों से विशेष प्रत्यावर्तन (रिपेट्रिएशन) उड़ानें चलाने की भी घोषणा की है। हालांकि इसके लिए नियामक मंजूरी जरूरी होगी। एयरलाइन ने बताया कि पश्चिम एशिया के अन्य गंतव्यों के लिए निर्धारित उड़ान सेवाएं 10 मार्च तक स्थगित रहेंगी।

### गोलीबारी से फिर दहला पंजाब

मोगा , पंजाब के मोगा जिले के कस्बा बाघा पुराना में शुक्रवार को दिनदहाड़े फायरिंग की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस हमले में दोहदर गांव के मौजूदा सरपंच हैप्पी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर उनकी हालत नाजुक बता रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ अज्ञात हमलावर एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में आए और उन्होंने सरपंच हैप्पी पर अचानक कई गोलियां चलाईं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गोली लगने से सरपंच हैप्पी गंभीर रूप से घायल हो गए।

एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मोगा के एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच के लिए पुलिस टीमों को निर्देश दिए। पुलिस ने पूरे इलाके में नाकाबंदी कर दी है और फरार हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह मामला पुरानी आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

## अनिल अंबानी की रिलायंस पावर कंपनी से जुड़े ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी

मुंबई ,प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी की रिलायंस पावर कंपनी के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। फिलहाल 10 से 12 स्थानों पर कार्रवाई जारी है। मुंबई और हैदराबाद सहित अन्य ठिकानों पर ईडी की 15 टीमें आज सुबह से ही छापेमारी कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये छापेमारी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) से जुड़े बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़े लोगों के खिलाफ की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले 25 फरवरी ईडी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) से जुड़े बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अनिल अंबानी की मुंबई के पाली हिल स्थित आवासीय संपत्ति



'अबोड' को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया था, जिसकी अनुमानित कीमत 3,716.83 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही इस समूह से जुड़ी अब तक कुर्क की गई कुल संपत्तियों का मूल्य 15,700 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। ईडी के विशेष कार्यबल (स्पेशल टास्क फोर्स) मुख्यालय ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की थी। इससे पहले इसी संपत्ति का एक हिस्सा 473.17 करोड़ रुपए की सीमा तक अटैच किया जा चुका था। जांच में सामने आया है कि आरकॉम और उसकी समूह कंपनियों ने घरेलू और विदेशी बैंकों व वित्तीय संस्थानों से भारी मात्रा में ऋण लिया था। इनमें से कुल 40,185 करोड़ रुपए की राशि अभी भी बकाया है, जिनमें से कई खाते एनपीए (नॉन–परफॉर्मिंग एसेट) बन चुके हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि पाली हिल की यह संपत्ति एक निजी पारिवारिक ट्रस्ट में स्थानांतरित कर दी गई थी, जो अनिल अंबानी के परिवार के सदस्यों से जुड़ा है।

## एक नजर

### चेक बाउंस के दोषी को कारावास और 2.30 लाख अर्थदंड की सुनाई सजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) मनोज कुमार द्विवेदी की अदालत ने चेक बाउंस के आरोपी को मामले में दोष सिद्ध पाते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास और 2.30 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त कारावास का दंड भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता जसबीर राणा ने बताया कि नींबूचौड़ निवासी चंद्रप्रकाश ध्यानी ने 14 जुलाई, 2020 को कोतवाली में तहरीर दी जिसमें उन्होंने कहा कि ग्राम नंदपुर, पदमपुर मोटाढाक निवासी आरोपी आनंद स्वरूप ध्यानी रिश्ते में उसका चाचा है। आरोपी ने सितंबर, 2019 में उधार मांगा तो उन्होंने 6,00,000 रुपये दे दिए। काफी समय तक धनराशि नहीं लौटाने पर उन्होंने राशि लौटाने के लिए कहा तो आरोपी ने उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा दुर्गापुर का दो लाख रुपये का चेक 25 मई, 2023 व अपने पुत्र के खाते का चार लाख रुपये का चेक दिया। उन्होंने दो लाख का चेक भुगतान के लिए लगाया तो वह बाउंस हो गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार मनोज कुमार द्विवेदी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व साक्ष्य विवेचन के बाद मामले में आरोपी को दोष सिद्ध पाते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास और 2.30 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त कारावास का दंड भुगतना होगा। अर्थदंड की धनराशि में से 2.20 लाख रुपये परिवादी को प्रतिकर के रूप में अदा की जाएगी। शेष 10,000 रुपये अर्थदंड राजकोष में जमा किया जाएगा।

### टास्क फोर्स ने व्यापारियों को किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने नगर में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने दुर्गापुरी में एक फर्नीचर की दुकान में बाल श्रम की शिकायत पर छापा मारा। मौके पर न दुकान स्वामी मिला और न ही कोई बच्चा बाल श्रम करता हुआ पाया गया। टीम ने व्यवसायियों को जागरूक किया कि 14 साल से कम आयु के बच्चे से श्रम कराना अपराध है। वह इसका विशेष ध्यान रखें और किसी भी हाल में उनसे श्रम कार्य न लें। इस बाबत दुकानों के आगे जागरूकता पोस्टर भी लगाए गए।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी एमसी बेलवाल ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से बाल और किशोर मजदूरी के साथ ही सड़क पर रहने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें बचाने के उद्देश्य से 26 जनवरी से 31 मार्च तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक और पैन इंडिया रेस्क्यू और रिहेबिलिटेशन कैंपेन चलाया जा रहा है। जिलास्तरीय टास्क फोर्स की ओर से शुक्रवार को नगर में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एमसी बेलवाल के अलावा बाल कल्याण समिति पौड़ी के अध्यक्ष राकेश चंद्रा बिडालिया, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) पौड़ी सूरज नेगी, चाइल्ड हेल्पलाइन के धर्मेंद्र, एएचटीयू प्रभारी उपनिरीक्षक सुमनलता, कांस्टेबल विद्या मेहता, श्रमायुक्त कार्यालय सहायक कुलदीप सिंह शामिल रहे।

### बाईपास मार्ग से हो रहा बसों का संचालन, यात्री परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बाईपास मार्ग से बसें गुजारने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी देने के बाद भी कई रोडवेज बसों का संचालन बाईपास मार्गों से ही किया जा रहा है। जिस कारण यात्रियों को बस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसकी शिकायत परिवहन निगम के अधिकारियों से की गई है।

बता दें कि कोटद्वार रोडवेज डिपो की लगभग 20 बसें रोजाना दिल्ली के लिए संचालित होती है। इसके अलावा गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, एनसीआर से होकर अन्य क्षेत्रों के लिए बसें चलती हैं। बसों का ठहराव रास्ते के उन सभी स्टॉपेज पर अनिवार्य किया हुआ है जिनके टिकट ई-टिकट मशीन से बन रहे हैं, लेकिन कई बसें पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुए बाईपास मार्गों से गुजर रही है। शुक्रवार को किरतपुर निवासी मदनपाल सिंह ने एआरएम अनुराग पुरोहित को बताया कि रोडवेज बसें फ्लाई ओवर से होकर बिजनौर रवाना हो जाती हैं और किरतपुर के लोग रोडवेज बस सेवा से वंचित रह जाते हैं। इसी तरह अन्य शहरों के बाहर बने बाईपास मार्गों से बसें गुजर रही हैं। उन्होंने आवश्यक कार्य से बिजनौर, मेरठ व दिल्ली जाने वाले लोगों की पीड़ा से अवगत कराते हुए बसों का निर्धारित स्टॉपेज तक पहुंचना सुनिश्चित करने की अपील की। एआरएम ने आकस्मिक निरीक्षण करने हुए सुधार कराने का आश्वासन दिया।

# नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा



बैठक में उपस्थित नवसंवत्सर अभिनंदन समारोह समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य।

### नवसंवत्सर अभिनंदन समारोह समिति के अध्यक्ष बनें प्रकाश चंद्र कोठारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नवसंवत्सर अभिनंदन समारोह समिति की बैठक में समाजसेवी प्रकाश चंद्र कोठारी अध्यक्ष एवं चंद्र प्रकाश नैथानी महासचिव चुने गए। समिति नवसंवत्सर के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर आगामी 18 मार्च को नगर में भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन करेगी। नवसंवत्सर अभिनंदन समारोह समिति की शुक्रवार को संपन्न हुई बैठक में समिति का पुनर्गठन कर समाज सेवी प्रकाश चंद्र कोठारी अध्यक्ष, रवींद्र नेगी, सुनीता कोटनाला व रीमा चौहान उपाध्यक्ष, चंद्रप्रकाश नैथानी महासचिव, पंकज ध्यानी सचिव, महानंद ध्यानी कोषाध्यक्ष व अंजू पुंडीर शोभा यात्रा प्रमुख चुनी गईं। बैठक में भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर गहन विचार- विमर्श हुआ। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समिति पिछले 25 वर्षों से कोटद्वार नगर में नवसंवत्सर के अवसर पर भव्य नागरिक समारोह का आयोजन करती आई है। जिसकी प्रेरणा से अब राज्य तथा देश में कई स्थानों पर नव वर्ष उत्सव आयोजित हो रहे हैं। इस रचनात्मक पहल से अब नई पीढ़ी नवसंवत्सर का महत्व समझने लगी है। वक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष आगामी 19 मार्च से भारतीय नव वर्ष, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2083 (रौद्र) प्रारंभ हो रहा है। यह समस्त देशवासियों के लिए उल्लास का अवसर है, क्योंकि इसी दिन ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना की गई। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र कोठारी, चंद्रप्रकाश नैथानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शांता बमराड़ा, डॉ. पदमेश बुडाकोटी, महानंद ध्यानी, गजेंद्र सिंह चौहान, रविंद्र नेगी, अमित सजवाण, सुनीता कोटनाला, रीमा चौहान, अंजू पुंडीर, पंकज ध्यानी, कृष्ण सिंह नेगी, राकेश कंडवाल, गोपाल दत्त जखमोला, संजय रावत आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रकाश चंद्र कोठारी ने एवं संचालन महासचिव चंद्रप्रकाश नैथानी ने किया।

### 18 मार्च को होगें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

बैठक में तय किया गया कि भारतीय नव वर्ष के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर आगामी 18 मार्च को कोटद्वार नगर में भारतीय संस्कृति पर केंद्रित भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें महिला संकीर्तन मंडलियों के साथ ही नागरिक संगठनों एवं छात्र-छात्राओं की भागीदारी भी होगी। सांय 5 बजे राजकीय प्रेक्षागृह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 19 मार्च को योगाभ्यास एवं हवन कार्यक्रम के साथ नव वर्ष का स्वागत किया जाएगा। बताया गया कि समिति नव वर्ष उत्सव की व्यापक तैयारी हेतु आगामी 10 मार्च को सांय 4 बजे कोटद्वार के संभ्रांत नागरिक एवं जन संगठनों की एक वृहत् बैठक आयोजित करेगी।

# लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण आंदोलन 175वें दिन भी लोगों ने चिल्लरखाल बैरियर क्षेत्र में धरना दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मार्ग बनने से न केवल गंभीर मरीज व घायल लोग एम्स ऋषिकेश और देहरादून समय पर पहुंच सकेंगे, बल्कि सिडकुल का पुनरुत्थान होगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके लिए लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाना ही एकमात्र समाधान है। कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में इस मार्ग के लिए बहस होनी चाहिए।

शुक्रवार को धरना स्थल पर एकत्र महिलाओं ने कहा कि 25 वर्षों से मार्ग के लिए राजनीति चल रही है। इस बार वे अब अपना हक लेकर ही रहेंगी। मार्ग के अभाव में अब क्षेत्रवासियों की जान से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग को हाईवे बनाने का वादा किया था। मुख्यमंत्री उत्तराखंड ने भी नितिन गडकरी को इस संबंध में पत्र लिखा था। इस अवसर पर लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग की गई। इस मौके पर पूर्व सैनिक रविंद्र सौंद, मदन नेगी, देवेंद्र सिंह रावत, कृपाल सिंह, बलबीर सिंह, गोवर्धन काला, पीतांबर कपटियाल, गोविंद काला, मोहन जोशी, कल्पना जोशी आदि मौजूद रहे।

### कंपनी संचालक को गिरफ्तार करने की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दि लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) के धोखाधड़ी का शिकार हुए पीड़ितों का कोटद्वार तहसील में चल रहा धरना शुक्रवार को 243वें दिन भी जारी रहा। कहा कि सीबीआई जांच को छः माह का समय बीत गया पर अभी तक सीबीआई की और से कोई जवाब नही आया।

उन्होंने प्रदेश सरकार से उनकी डूबी हुई रकम वापस दिलाने व कंपनी संचालक को गिरफ्तार करने की मांग उठाई।तहसील में एकत्र हुए पीड़ितों ने कंपनी संचालकों और सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। पीड़ितों ने कहा कि निवेशक अपने पैसे के लिए उन पर लगातार दबाव बना रहे हैं, जिससे पीड़ितों की मानसिक स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। धरना देने वालों में तृप्ति नेगी, अंजू डबराल, ममता रावत, सुनीता रावत, रश्मि, सुरेश नेगी, हरेंद्र सिंह रावत, बिजेंद्र सिंह रावत, सरोज गौड़, सुनीता सजवाण आदि शामिल रहे।

# दिव्यांग बच्चों में बांटे कंबल, चेहरे पर खिली मुस्कान



दिव्यांग बच्चें को कंबल देते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सामाजिक संस्था एक्शन फॉर ह्यूमन एक्सेलेंस एंड डेवलोपमेन्ट की ओर से सिद्धबली मंदिर परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान 20 से अधिक दिव्यांग बच्चों को कंबल वितरित किए गए।

कंबल पाकर बच्चों के चेहरे खिले हुए नजर आए। संस्था की इस पहल से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आई और समाज में सकारात्मक संदेश गया। शुक्रवार को आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि संस्था पिछले कई वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है और हर वर्ष असहाय व जरूरतमंदों की मदद के लिए अभियान चलाती है।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की मुस्कान ही हमारी असली पूंजी है। संस्था का यह छोटा सा प्रयास है और समाज के हर वर्ग को आगे आकर इन बच्चों का हाथ थामना चाहिए। बच्चों के परिजनों ने संस्था के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लंबे समय से निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रही है।

गोष्ठी का संचालन प्रमोद कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार चौधरी, राजेंद्र सिंह पाल, श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती सरोज खेतवाल, राजेश रावत, डॉ. रमाकांत कुकरेती आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षक के निधन पर जताया शोक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय शिक्षक संघ ने राजकीय इंटर कालेज में नियुक्त हिंदी प्रवक्ता नेत्रपाल सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

शुक्रवार को आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि बुधवार को होली के दिन सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर उनकी असमय मौत हो गई थी। वे नजीबाबाद स्थित सत्यविहार कॉलोनी में रहते थे। विद्यालय के लिए दिए गए उनके योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। कहा कि उनका निधन विद्यालय के लिए अपूर्णीय क्षति है। शोक व्यक्त करने में राजकीय शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत, मंडल मंत्री मनमोहन चौहान, जिला अध्यक्ष भवान नेगी, जिला मंत्री बिजेंद्र बिष्ट, ब्लॉक मंत्री दुगड्डा संजय रावत, प्रधानाचार्य नागेंद्र चौहान, डॉ. पदमेश बुडाकोटी, अनूप नेगी, मुकेश रावत, दीपक नौटियाल, डबल सिंह रावत, सिताँशु कुकशाल, उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री डॉ. महावीर सिंह बिष्ट, प्रांतीय प्रवक्ता कैलाश थपलियाल, जिलाध्यक्ष भारत बिष्ट आदि शामिल रहे।

# शहर में महिलाओं के लिए पिंक टायलेट की व्यवस्था नहीं



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : करीब दो लाख से अधिक की आबादी वाले कोटद्वार क्षेत्र में महिलाओं की तादाद करीब चालीस से पचास फीसद है। लेकिन, बात सार्वजनिक शौचालय की करें तो क्षेत्र में कहीं भी महिलाओं के लिए पिंक टायलेट की व्यवस्था नहीं है। जिस स्टेशन में प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में मैदानी व पर्वतीय क्षेत्रों से महिलाएं पहुंचती हैं, वहीं भी महिलाओं के लिए प्रसाधन की कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति भी बेहतर नहीं है। कई जगह तो हाथ धोने के लिए पानी तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में नगर निगम की स्वच्छता की बयार केवल फाइलों में ही बह रही है।

विधानसभा चुनाव हो अथवा नगर निगम के चुनाव। हर चुनाव में महिलाओं के अधिकारों की बात की जाती है। लेकिन, यह बातें केवल चुनावी माहौल तक सीमित रहती है। जबकि, धरातल पर इसका दूर-दूर तक कोई नाता ही नहीं है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण शहर में महिलाओं के लिए एक पिंक शौचालय की व्यवस्था तक नहीं होना है। बाजार आने वाली महिलाओं को मजबूरन सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करना पड़ता है। स्थानीय महिला शांति देवी, पुष्पा देवी, हेमा सिंह ने बताया कि नगर निगम गठन को आठ वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। लेकिन, अब तक शहर में महिलाओं के लिए एक पिंक शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी पहाड़ से मैदान को आने वाली महिलाओं को होती है। सार्वजनिक शौचालय के उपयोग में महिलाएं सहज महसूस नहीं करती। महिलाओं को प्रत्येक नागरिक सुविधा में पचास फीसदी का अधिकारी मिलना चाहिए। वहीं, अधिकांश सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति भी बदहाल है। कई जगह हाथ धोने के लिए पानी नहीं है तो कहीं गंदगी के ढेर लगे रहते हैं।

**बड़ी संख्या में बाजार आती हैं महिलाएं**

कोटद्वार शहर में प्रतिदिन सैकड़ों की तादात में महिलाएं व युवती बाजार खरीददारी करने के लिए पहुंचती हैं। शौचालय के अभाव में महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में कुछ सामाजिक संस्थाओं ने महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को इस समस्या से अवगत करवाया था। जिसके बाद उन्होंने लोगों को पिंक शौचालय निर्माण के लिए जगह चिन्हित करने का आश्वासन दिया।

# टिहरी झील में रोमांच के सफर पर निकले सीएम

### लेक फेस्टिवल में दिखे सीएम पुष्कर सिंह धामी के अलग-अलग अंदाज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : लाइफ जैकेट पहने सीएम पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को जब टिहरी झील के करीब पहुंचे, तो उनके पास दो विकल्प थे। या तो वह अपने मंत्रीमंडल के सहयोगी सुबोध उनियाल और अपने विधायक साथियों के साथ पहले बोटिंग करते या फिर एक गाइड के साथ अकेले ही जेट स्की का आनंद लेने निकल पड़ते। उन्होंने जेट स्की पर हाथ आजमाना चुना और निकल पड़े रोमांच के सफर पर। बाद में उन्होंने बोटिंग भी की।



टिहरी लेक फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन करने के बाद शुक्रवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कोटी कालोनी में लगे तमाम स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने आईटीबीपी के जवानों से भी मुलाकात की। इसके बाद वह टिहरी झील की तरफ चले गए और एक-एक गतिविधि का हिस्सा बनकर फेस्टिवल का प्रमोशन किया। बोटिंग में उनके साथ कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, विनोद कंडारी, शक्तिलाल शाह आदि मौजूद रहे। कोटी कालोनी स्थित आयोजन स्थल पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पहाड़ी व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया।

यहां पर महिलाओं की रामलीला समिति ने आकर्षक स्टॉल लगाया है। इसे पहाड़ी घर नाम दिया गया है, जहां पर पहाड़ी व्यंजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सीएम ने यहां पर पहुंचकर पहाड़ी व्यंजन का आनंद लिया। इससे महिलाएं उत्साहित नजर आईं। समिति से जुड़ी रचना उनियाल के अनुसार सीएम ने उनकी समिति को प्रोत्साहित किया है। सीएम ने लाल चावल, भट्ट की चुटकाणी, झंगोरे की खीर खाकर उसकी तारीफ की।

### पदोन्नति के लंबित मामलों के निस्तारण किया जाएं

श्रीनगर गढ़वाल : इंजीनियरिंग ड्राइंग सर्विसेज एसोसिएशन ने प्रारूपकार से कनिष्ठ अभियंता (सिविल/प्राविधिक) में पदोन्नति के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। साथ ही शीघ्र प्रांतीय अधिवेशन कर नई कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय भी लिया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रारूपकार एवं कनिष्ठ अभियंता (प्राविधिक) के उत्तरदायित्वों और कर्तव्यों में संशोधन किया जाए। अन्य अभियंत्रण विभागों की तर्ज पर सिंचाई विभाग के प्रत्येक खंड कार्यालय में भी कनिष्ठ अभियंता (प्राविधिक) का पद सृजित किया जाए व सभी नव नियुक्त प्रारूपकारों को प्रशिक्षण दिया जाए।

### हिमाद्री नाट्य समारोह 8 मार्च से

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) एवं हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की ओर से 8 से 12 मार्च तक हिमाद्री नाट्य समारोह आयोजित किया जाएगा। गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र के प्रेक्षागृह में होने वाले नाट्य समारोह के आयोजन की तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। विभाग के उप निदेशक डॉ. संजय पांडेय ने बताया कि 8 मार्च को खिड़की, नौ मार्च को सिरफिरों का घर, 10 मार्च को लोक माता अहिल्याबाई, 11 मार्च को माउस ट्रैप व 12 मार्च को सतनाम वाहेगुरू नाटकों का मंचन होगा। नाट्य समारोह में नामी कलाकार पहुंचेंगे। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-10-TRD-MB-25-204 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद डिवीजन के कुंदरकी, हापुड़, इकबालपुर, बयतारा, हकीमपुर और चंदौसी स्टेशनों पर रेलवे माल गोदामों से संबंधित टीRD का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 30.03.2026, 15.00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 73,44,062.94/- (incl. GST @18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 1,46,900/- |
| निविदाप्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2025-26/TN-22 दिनांक : 06.03.2026 709/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

(मुरादाबाद मण्डल) निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/वरिष्ठ म.वि.अभि./सा./मुरा./2026 बालामऊ के रनिंग रूम के उन्नयन के लिए विद्युत कार्य हेतु। | 3170826.80 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 85600.00 | 06 (छः) माह | निविदायें दिनांक 30.03.2026 को 15.00 बजे तक कार्यान्वित की जाती है जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/ उत्तर रेलवे मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं. : 08/2026 दिनांक : 06.03.2026 772/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# चार साल बाद टूटा गतिरोध, बढ़ा मेजबानी का दायरा

### नरेंद्रनगर, घनसाली, प्रतापनगर, धनोल्टी, देवप्रयाग भी इस बार मेजबान

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : इस बार का टिहरी लेक फेस्टिवल कई मायनों में खास है। सबसे खास बात चार वर्षों से चले आ रहे गतिरोध के टूटने से जुड़ी है। कोविड-19 की वजह से इस आयोजन पर ग्रहण लग गया था। मगर राज्य सरकार ने ठानी, तो इस बार गतिरोध टूट गया। एक और अहम बात काबिलेगौर है। इस बार सिर्फ टिहरी शहर ही इस आयोजन का मेजबान नहीं है, बल्कि मेजबानी का दायरा कई अन्य शहरों तक फैल गया है। यह पहली बार हो रहा है कि नरेंद्रनगर, घनसाली, प्रतापनगर, धनोल्टी और देवप्रयाग जैसे स्थान भी इस आयोजन की मेजबानी कर रहे हैं। दरअसल, राज्य सरकार बड़े आयोजनों को किसी एक जगह पर केंद्रित न रखकर उसे विभिन्न स्थानों पर आयोजित करा रही है। इसका सबसे बड़ा फायदा इस रूप में आता है कि ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों को बड़े आयोजन से एक्सपोजर मिलता है। राष्ट्रीय खेलों का उदाहरण हमारे सामने है, जिसे देहरादून के अलावा, हरिद्वार, हल्द्वानी, रूद्रपुर से लेकर टिहरी, पिथौरागढ़ जैसे स्थानों में भी आयोजित किया गया। टिहरी लेक फेस्टिवल के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जबकि देवप्रयाग, नरेंद्रनगर, प्रतापनगर, धनोल्टी और घनसाली जैसे क्षेत्रों को इस आयोजन से जोड़ा गया हो। इन जगहों पर ट्रैकिंग के इवेंट से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी विशेष आयोजन किया जा रहा है। एक तरह से कह सकते हैं कि पहली बार टिहरी लेक फेस्टिवल में टिहरी शहर नहीं, बल्कि पूरा जिला मेजबान बतौर अपनी भूमिका निभा रहा है। टिहरी की डीएम नितिका खंडेलवाल का कहना है कि टिहरी जिले के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जो पर्यटन के मानचित्र पर और भी ज्यादा चमक सकते हैं। टिहरी लेक फेस्टिवल में ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों की सहभागिता से अच्छे व सार्थक परिणाम मिलेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टिहरी उत्तराखंड का ऐसा जिला है, जो पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं समेटे हुए हैं। टिहरी झील का आकर्षण तो जगजाहिर है। देश-दुनिया के लोग यहां पर खिंचे चले आ रहे हैं। सरकार यहां पर सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है। ताकि टिहरी पर्यटन के मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर पाए।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी**

E Mail ID:- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com. Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 342 /2भू0अ0 दिनांक 06/03/2026

**प्रतिकर भुगतान की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत अरकणी-खन्दुखाल-मुछियाली मोटर मार्ग के कि0मी0 8 मटाखाली से होते हुये ग्राम उतरांसू देवलगांव तक मोटर मार्ग निर्माण से प्रभावित ग्राम कोल्टा, मुछियाली पट्टी बनगढस्यूँ के काश्तकारों की प्रभावित नाप भूमि का प्रतिकर भुगतान किया जाना है। सम्बन्धित काश्तकार कृपया अविलम्ब अपने वर्तमान खाता खतौनी की नकल की सत्यापित प्रति, बैंक की पासबुक की छाया प्रति, आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित, आधार कार्ड की छाया प्रति तथा 2 पासपोर्ट साईज की फोटो, राजस्व उप निरीक्षण द्वारा कब्जा प्रमाण पत्र विभागीय अमीन निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी में दिनांक 25.03.2026 तक उपलब्ध करवाने का कष्ट करें, ताकि प्रभावित भूमि के काश्तकारों को शीघ्र मुआवजा भुगतान किया जा सके। सम्बन्धित ग्राम प्रधान से अपेक्षा की जाती है कि अपने स्तर से सभी काश्तकार जिनका प्रतिकर भुगतान नहीं हो पाया है, को सूचित करने की कृपा करें।

सम्पर्क नं0:-1. श्री किशोर कुमार सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, पौड़ी- 9412325249

2. श्री शिवप्रकाश अमीन, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, पौड़ी- 6396170222

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी

(1560/61)

## संक्षिप्त समाचार

### ममता रावत एसआईडीएम उत्तराखंड चैप्टर की चेयरपर्सन नामित

देहरादून। महिला दिवस से पहले उत्तराखंड की महिला एंटरप्रेन्योर ने उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। डिफेंस टेक्नोलॉजी में स्टार्टअप शुरू करने वाली उत्तराखंड बेस्ड महिला एंटरप्रेन्योर ममता रावत को सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के उत्तराखंड चैप्टर की चेयरपर्सन नामित किया गया हैं। जानकारी देते हुए एसआईडीएम के डायरेक्टर जनरल रमेश ने बताया कि ममता रावत के नेतृत्व में ज्योमा सॉल्यूशंस उत्तराखंड से उभरती हुई एक इनोवेटिव रक्षा तकनीक कंपनी के रूप में स्थापित हुई है। कंपनी ने स्वदेशी तकनीकों के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है, जिसमें गायरो स्टेबिलाइजेशन टेक्नोलॉजी, मिलिट्री–ग्रेड पीसीबी और टी–90 टैंक व बोफोर्स इंजन कंट्रोल यूनिट जैसे रक्षा प्लेटफॉर्म के लिए महत्वपूर्ण सब–सिस्टम शामिल हैं। ज्योमा सॉल्यूशंस को स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज अवार्ड और वूमनप्रेन्योर अवाड्र्स 2025 सहित कई सम्मान भी प्राप्त हुए हैं। एसआईडीएम उत्तराखंड की चेयरपर्सन के रूप में नामित हई ममता रावत ने अपने लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी, उन्होंने बताया कि प्रदेश में उद्योग, स्टार्टअप, शिक्षण संस्थानों और सरकारी संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत किया जाए।

### महिला को टक्कर मार कार चालक ने इंस्पेक्टर बता रौब दिखाया

देहरादून। राजपुर रोड पर वीएलसीसी के पास गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटर सवार वकील की पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि शराब के नशे में कार चालक ने मौके पर हंगामा किया और खुद को विजिलेंस का इंस्पेक्टर बताते हुए महिला और उसके वकील पति को धमकियां दीं। मामले में डालनवाला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वेस्ट पटेलनगर निवासी करण सहगल ने कहा कि पांच मार्च की शाम करीब 6:30 बजे उनकी भाभी अर्चना उपाध्याय सहगल राजपुर रोड से गुजर रही थीं।

तभी पीछे से आ रही कार ने उनके स्कूटर को टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गईं। वहां मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम बिजेंद्र भटोला बताया। आरोप है कि चालक नशे में था और उसने घायल महिला को धमकी दी कि वह विजिलेंस में है और पुलिस उसका कुछ नहीं कर सकती। सूचना पर जब पीड़िता के पति अधिवक्ता वीरेंद्र सहगल मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें भी कार्रवाई करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। हादसे में अर्चना के सीधे पैर का मांस फट गया है। हाथी बड़कला चौकी इंचार्ज सतबीर भंडारी ने बताया कि तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी विजिलेंस नहीं आईटीबीपी का इंस्पेक्टर है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### जन औषधि परिवार ने पैदल जन जागरूकता अभियान चलाया

देहरादून। जन औषधि परिवार ने पैदल जन जागरूकता अभियान चलाकर मोदी सरकार का आम जनता को सस्ती और जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए आभार जताया। शुक्रवार को जन औषधि दिवस के अवसर पर टैगोर विला में चिल्ड्रंस अकादमी स्कूल के पास से पैदल जन जागरूकता अभियान की शुरुआत राधिका मेडिकल एजेंसी के मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में की गई। अभियान में शामिल लोगों ने भारत माता की जय व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आम जनता को सस्ती और जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए आभार जताया। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी की जरूरत को समझा हैं और उन्हें महंगी दवा से निजात दिलाने के लिए जन औषधि केंद्र का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

### अधिकारिक वेबसाइट बनाएगा पेंशनर्स संगठन

देहरादून। उत्तराखंड केंद्रीय पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को प्रगति विहार सामुदायिक केंद्र में हुई। इसमें संगठन को प्रभावी बनाने के लिए नई कार्यकारिणी के सदस्यों का नामांकन और विभिन्न समितियों के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारीकरण के लिए सीजीएचएस की जोनल और लोकल एडवाइजरी कमेटियों के लिए प्रतिनिधियों का चयन किया गया। साथ ही, संगठन को डिजिटल युग से जोड़ने के लिए आधिकारिक वेबसाइट बनाने पर सहमति बनी।

# टिहरी झील बनेगी विश्व में पर्यटन-खेल का प्रमुख केंद्र : सीएम

### सीएम ने कोटी कालोनी–नई टिहरी रोपवे निर्माण की घोषणा

**जयन्त प्रतिनिधि।**




देहरादून : पर्यटन, साहसिक खेल के साथ ही पर्यावरण और संस्कृति के स्पष्ट संदेश के बीच हिमालयन 0.2 द टिहरी लेक फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को इसका उद्घाटन करते हुए विश्वास प्रकट किया कि सुंदर टिहरी झील आने वाले समय में देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में साहसिक खेलों और पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगी। इस मौके पर उन्होंने घोषणा कि कोटी कालोनी-नई टिहरी रोपवे का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में देश-विदेश से आए खिलाड़ियों के साथ ही अन्य मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पावन धरा आध्यात्मिकता और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम रही है। हमारी नदियां, हमारे पर्वत, हमारी झीलें और हमारी परंपराएं पूरे विश्व को आकर्षित करती रही हैं। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए टिहरी झील के किनारे आयोजित ये महोत्सव पर्यटन, खेल और स्थानीय संस्कृति तीनों को एक मंच पर लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि हिमालय की गोद में बसी टिहरी झील प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण होने के साथ-साथ साहसिक खेलों के आयोजन स्थल के रूप में तेजी से उभर रही है। यहां आयोजित होने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न जल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रही हैं, बल्कि उत्तराखंड को वैश्विक खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने का काम भी कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने टिहरी को लेकर अपनी सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि टिहरी को वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए टिहरी झील में कयाकिंग, कैनोइंग, जेट-स्की, पैरा-सेलिंग, स्कूबा डाइविंग और अन्य साहसिक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। यहां आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। ताकि हमारे युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि टिहरी झील के आसपास विकसित हो रहा यह खेल और पर्यटन तंत्र स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के नए अवसर पैदा कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि टिहरी झील केवल एक पर्यटन स्थल ही न रहे, बल्कि खेल, संस्कृति और प्रकृति के संगम का वैश्विक केंद्र भी बने। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार के प्रयास जारी रहेंगे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक किशोर उपायाय, विक्रम सिंह नेगी, विनोद कंडारी, शक्तिलाल शाह, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण, जिलाधिकारी श्रीमती नितिका खंडेलवाल, नगर पालिका परिषद नई टिहरी के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, चंबा की अध्यक्ष सोबनी धनोला, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह रावत प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




## जन औषधि दिवस पर पैदल यात्रा निकालकर किया जागरूकता

देहरादून। जन औषधि दिवस के अवसर पर टैगोर विला स्थित चिल्ड्रंस अकादमी के पास से पैदल यात्रा निकाली गई। शुक्रवार को मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में पैदल जन जागरूकता अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आम जनता को सस्ती दवाईयां उपलब्ध कराने पर आभार जताया। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी की जरूरत को समझा हैं और उन्हें महंगी दवा से निजात दिलाने के लिए जन औषधि केंद्र का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर उत्तराखंड नोडल अधिकारी शिवम राघव ने कहा कि जन जन ने ठाना है जन औषधि को अपना कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। पैदल यात्रा में हरीश नारंग, डॉ आनंद यादव व आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला कल्याण दिवस पर मनीष तिवारी उत्कृष्ट कर्मचारी सम्मान से सम्मानित



अल्मोड़ा। महिला कल्याण दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में राजकीय शिशु बाल गृह अल्मोड़ा में कार्यरत मनीष तिवारी को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राजभवन देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कर्मचारी पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि उत्तराखंड की प्रथम महिला तथा मंत्री रेखा आर्या विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों से चयनित कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अल्मोड़ा की जिला प्रोबेशन अधिकारी कल्पना मननाल की उपस्थिति में अन्य कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय प्रोबेशन अधिकारी अंजना, राजीव नयन तिवारी सहित महिला कल्याण विभाग के निदेशक और सचिव भी उपस्थित रहे। सम्मानित होने वालों में कमला गोस्वामी, दीपशिखा साह, मंजू उपाध्याय, कमला और नीतू सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से विभागीय सेवाओं को और बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलती है।

### एसएफआई ने ईरान के खिलाफ सैन्य आक्रामकता बढ़ाने की निंदा की

देहरादून। एसएफआई जिला कमेटी देहरादून ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी साम्राज्यवाद और उसके सहयोगियों की बढ़ाई जा रही सैन्य आक्रामकता की कड़ी निंदा की है।

एसएफआई ने बयान जारी कर कहा है कि मध्य पूर्व क्षेत्र में अमेरिका की लगातार दखलअंदाजी और युद्धोन्मादी नीतियां विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा हैं। अमेरिका वर्षों से अपनी साम्राज्यवादी नीतियों के तहत विभिन्न देशों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता रहा है। ईरान के खिलाफ की जा रही सैन्य और राजनीतिक कार्रवाई भी उसी नीति का हिस्सा है। ऐसे कदम न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं बल्कि इससे क्षेत्र में अस्थिरता और संघर्ष को बढ़ावा मिलता है।

## विभागों की हीलाहवाली से उदाल्का कूड़ा निस्तारण केंद्र पर लटका ताला

उत्तरकाशी, डुंडा विकासखंड के धनारी क्षेत्र के उदाल्का गांव में लाखों की लागत से बने कूड़ा निस्तारण केंद्र का संचालन नहीं होने से वहां पर लगी मशीनें धूल फांक रही है। डीएम प्रशांत आर्य के निर्देश के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से इसके संचालन में हीलाहवाली की जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण नहीं हो पा रहा है। डुंडा विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों और बाजारों के कूड़ा निस्तारण के लिए उदाल्का गांव के समीप एक वर्ष पूर्व करीब 14 लाख की लागत से कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण किया गया था लेकिन इसका अभी तक संचालन शुरू नहीं हो पाया है। इसका निर्माण पूरा होने के बावजूद इसमें अभी तक बिजली पानी की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। इससे इसमें ताला टंगा हुआ है। साथ ही इसके आसपास झाड़ियां उग आई है। केंद्र का निर्माण खंड विकास कार्यालय की ओर से किया गया था। साथ ही उसके बाद इसमें बिजली पानी जैसे संसाधन स्वजल विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए जाने थे।

उसके बाद जिला पंचायत ने इसका संचालन करना था लेकिन संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण यह अधर में ही लटका हुआ है। पूर्व में जिलाधिकारी ने कूड़ा निस्तारण और स्वच्छ भारत मिशन आदि के तहत ली गई बैठक में केंद्र से संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर जल्द ही इसके संचालन के निर्देश दिए गए थे लेकिन विभागों की ओर से इसकी अनदेखी की जा रही है। पूर्व प्रधान तनुजा चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

## उत्तराखंड के तीन आईजी केंद्र में डीआईजी पद पर प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

देहरादून। उत्तराखंड कैडर के तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से पांच मार्च को इनकी तैनाती के आदेश जारी किए गए। आदेश मिलते ही राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए शुक्रवार इनमें दो अधिकारियों को रिलीव कर दिया है। गृह सचिव शैलेश बगोली ने तीनों अधिकारियों को केंद्रीय सेवा में बुलाए जाने की आधिकारिक पुष्टि की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार की ओर से गुरुवार को इसका आदेश जारी किया गया। आदेश में मुख्तार मोहसिन (आईपीएस 2005 बैच) को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) में डिप्टी डायरेक्टर (डीआईजी स्तर) के पद पर नियुक्त किया गया है। इसी बैच की नीरू गर्ग को भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में डीआईजी के पद पर तैनाती मिली है। अरुण मोहन जोशी (आईपीएस 2006 बैच) को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में डीआईजी के पद पर तैनाती दी गई है।राज्य में आईजी, केंद्र में संभालेंगे डीआईजी का पदइस डेपुटेशन में एक बड़ी बात यह सामने आई है कि प्रतिनियुक्ति पर जा रहे अरुण मोहन जोशी, मुख्तार मोहसिन और नीरू गर्ग, ये तीनों ही अधिकारी वर्तमान में उत्तराखंड पुलिस में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर पदोन्नत हो चुके हैं। केंद्र में जो उनकी तैनाती तय की गई है, वह उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर हुई है। केंद्र में आईजी पद नामित होने तक इन्हें वहां डीआईजी पद पर काम करना पड़ सकता है।पिछले साल हुए थे डिबार, इस बार सरकार ने खुद भेजे नामइन तीनों आईपीएस अधिकारियों के डेपुटेशन का मामला बेहद दिलचस्प है। इस बार अधिकारियों ने प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए स्वयं आवेदन नहीं किया था, बल्कि राज्य सरकार ने ही पहल करते हुए इनके नाम केंद्र को भेजे थे। जानकारी के अनुसार, पिछले साल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति का आदेश आने के बावजूद वहां ज्वाइन न करने के कारण इन अधिकारियों को केंद्र से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।सरकार की तत्परताअधिकारियों के बिना आवेदन के ही राज्य सरकार ने बीते 16 फरवरी 2026 को इन तीनों के नाम केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए गृह मंत्रालय को भेज दिए।

### सीएम को मिलने जा रहे आंदोलनकारियों को पुलिस ने रोका

नई टिहरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मिलने कोटीकॉलोनी जा रहे बांध विस्थापित और प्रभावितों को पुलिस ने खांडखाल में रोक दिया। बांध विस्थापितों और प्रभावितों ने वहीं पर नारेबाजी शुरू कर दी। नि:शुल्क बिजली–पानी देने और बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रॉयल्टी को टिहरी में विकास कार्यों पर खर्च किए जाने को लेकर सागर भंडारी के नेतृत्व में बौराड़ी के गणेश चौक में गत सात दिनों से बांध विस्थापित और प्रभावितों का धरना चल रहा है। शुक्रवार को कोटी कॉलोनी में चार दिवसीय टिहरी झील महोत्सव शुभारंभ के लिए कोटी कॉलोनी पहुंचे सीएम धामी से मिलने के लिए जा रहे बांध विस्थापित और प्रभावितों को पुलिस ने कार्यक्रम स्थल से करीब तीन किमी. पहले खांडखाल में रोक दिया। पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद आंदोलनकारियों के सड़क पर शासन–प्रशासन और टीएचडीसी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया।

## बैंक में बंधक प्लाट बेचने की डील कर यूपी के शिक्षक से 20 लाख की ठगी

देहरादून। बैंक में बंधक प्लाट बेचने की डील कर मुजफ्फरनगर, यूपी के एक शिक्षक से बीस लाख रुपये से अधिक ठग लिए गए। रकम ऐंठने के बाद आरोपी बैनामा करने से मुकर गया। रायपुर थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ रायपुर गिरीश नेगी ने बताया कि अवध विहार कॉलोनी, मुजफ्फरनगर (यूपी) निवासी ओम गोयल ने बताया कि वह पेशे से शिक्षक हैं। वर्ष 2018 में उनका बेटा देहरादून के नेशविला रोड स्थित एक पीजी में रहकर पढ़ाई करता था।

इसी दौरान उनकी मुलाकात पीजी संचालक विभोर कुमार निवासी डंगवाल मार्ग, नेशविला रोड से हुई। दिसंबर 2023 में विभोर ने उन्हें लोअर तुनवाला में अपनी जमीन में से 85.5 गज का प्लॉट 20.53 लाख रुपये में बेचने का प्रस्ताव दिया। सौदा तय होने पर ओम गोयल ने टोकन मनी और चेक के माध्यम से भुगतान किया। तीन जनवरी 2024 को दोनों के बीच कचहरी में एग्रीमेंट भी हो गया। ओम गोयल के अनुसार इसके बाद जब वे प्लॉट पर गए, तो वहां आए कुछ लोगों से उन्हें पता चला कि इस जमीन पर पहले से कैनरा बैंक का लोन चल रहा है। जब शिक्षक ने विभोर से सख्ती से पूछताछ की और अपने पैसे वापस मांगे, तो उसने बेटी के कॉलेज में दाखिले और आर्थिक तंगी का हवाला देकर उन्हें भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल किया। आरोपी ने एक नया हाथ से लिखित अनुबंध किया और भरोसा दिया कि वह किश्तों में पैसे लेकर प्लॉट का लोन चुका देगा और वहां दो मकान बनाकर मुनाफा साझा करेगा या एक मकान शिक्षक के नाम कर देगा। भरोसे में आकर ओम गोयल ने बैंक से लोन लेकर 19 लाख रुपये का और भुगतान कर दिया। कुल 20.53 लाख रुपये लेने के बाद विभोर ने न तो कैनरा बैंक का 13.75 लाख का लोन चुकाया और न ही मकान बनाए। उसने पीड़ित के रुपयों से अपना बंद पड़ा पीजी दोबारा शुरू कर लिया और एक नई ट्रेडिंग कंपनी खोल ली। शिक्षक का आरोप है कि जब उन्होंने देहरादून आकर अपने रुपये और प्लॉट की रजिस्ट्री की मांग की तो आरोपी ने कहा कि प्रॉपर्टी के रेट बढ़ गए हैं। उसने बैनामा करने के एवज में 14 लाख रुपये अतिरिक्त मांगे।

# यमुनोत्री हाईवे पर चौड़ीकरण बना आफत



उत्तरकाशी। यमुनोत्री हाईवे पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य के चलते उड़ रही धूल और जगह–जगह फैले मलबे से स्थानीय लोग व राहगीर परेशान हैं। खासकर रानाचट्टी, हनुमानचट्टी और स्यानाचट्टी क्षेत्र में उड़ती धूल और मलबा के कारण लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य अमिता पंवार, राना चट्टी क्षेत्र के भजन सिंह चौहान, लोकेश चौहान, शैलेन्द्र सिंह राणा का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान उड़ रही धूल से दुकानदार, स्थानीय निवासी और आवाजाही कर रहे यात्री परेशान हैं। कई स्थानों पर सड़क किनारे मलबा बिखरा हुआ है जिससे स्थिति और भी खराब हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धूल से बचाव के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं होने से परेशानी लगातार बढ़ रही है। निर्माण कार्य कर रही एजेंसी इस ओर ध्यान नहीं दे रही। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी मनमाने ढंग से कार्य कर रही है। कहीं यमुना नदी और गाड गदेरों में बेतरतीब ढंग से मलबे की अवैध डंपिंग की जा रही है तो कहीं धूल लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष संदीप राणा ने भी निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध डंपिंग से यमुना नदी को दूषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जिम्मेदार तंत्र को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में एनएच के अधिशासी अभियंता मनोज रावत ने बताया कि संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगे और समस्या के समाधान के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मार्ग के लिए धरना जारी, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर विकासखंड के पांडव गांव में ग्रामीणों का पांडव मार्ग को नैलचामी–गंडराखाल मार्ग से जोड़ने की मांग के लिए चल रहा धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। दूसरे दिन आंदोलन को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने समर्थन दिया। ग्रामीणों ने कहा यदि उनकी मांग पर अमल नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। लोस्तु बडियार समिति के बैनर तले चल रहे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप गोदियाल ने कहा कि पांडव मार्ग को नैलचामी–गंडराखाल से जोड़ने से लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो जाएगी। मार्ग बनने से घनसाली, नैलचामी वाला क्षेत्र बडियारगढ़ से जुड़ जाएगा जिससे लोगों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर रामलाल गोदियाल, धर्म सिंह बर्त्वाल, वीरबल सिंह, कुलदीप सिंह, कमल सिंह, प्रताप सिंह, सुदामा प्रसाद गोदियाल, महावीर प्रसाद, हरीश प्रसाद, मंशाराम और नैन सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कांग्रेस ने आर्थिक सर्वेक्षण के आकंड़े खारिज किए, कहा–कोई सच्चाई नहीं है

देहरादून। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण के आंकडों का कांग्रेस ने सिरे से खारिज किया है। शुक्रवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कांग्रेस सीडब्लूसी सदस्य मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि यदि ऐसा होता तो आज प्रदेश से पलायन न हो रहा होता।

यहीं नहीं सरकार इस प्रकार सदन से बाहर आंकड़े जारी न करती। बल्कि उसे सदन के पटल पर रख कर अपनी उपलब्धियां बताती। काजी ने कहा दरअसल, आर्थिक सर्वेक्षण की इमारत को अफसरों ने झूठे आंकडों की बुनियाद पर बनाया है।उन्होंने केंद्र सरकार पर राज्य के हितों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप भी लगाया। कहा कि कई योजनाओं में केंद्र सरकार ने बजट कम किया है। इसी प्रकार 16 वित्तीय आयोग के प्रावधान भी काफी जटिल है। इससे सीधा सीधा नुकसान राज्य को होगा। इस बार उत्तराखंड राजस्व घाटा अनुदान से भी महरूम हो गया है। केंद्र और वित्त आयोग के फैसले राज्य को कर्ज की ओर धकेल रहे हैं। कहा कि इस वक्त राज्य पर कर्ज का बोझ एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का हो चुका है। नई नीतियों की वजह से इसके कम होने के बजाए बढ़ते ही जाने की आशंका है।बजट सत्र की अवधि बढ़ाए सरकारःकाजी ने बजट सत्र के समय को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए।

## डीएम ने दिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों से संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



बागेश्वर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों की समस्याओं के समाधान को बैठक की। इसमें विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों एवं मुद्दों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में सेवाएं दे रहे हैं, उसका श्रेय उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवारों को जाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अथक परिश्रम और बलिदान दिया। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों से संबंधित मामलों को पूर्ण संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि समस्त उपजिलाधिकारी लंबित प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से निस्तारण करते हुए उसकी अनुपालन रिपोर्ट कलेक्ट्रेट में प्रस्तुत की जाए।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों ने बैठक के दौरान अपनी विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

### स्वच्छता को लेकर निकाली जागरूकता रैली

देहरादून। डीआईटी विश्वविद्यालय ने सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर और निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने साक्षरता, स्वच्छता और एड्स जागरूकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न जागरूकता रैलियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को प्रमुख सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में शिक्षित करना था। समुदाय के भीतर सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के लिए महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और व्यक्तिगत स्वच्छता पर जानकारीपूर्ण सत्र भी आयोजित किए गए।

## बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाने के लिए नहीं मिल पाई एंबुलेंस

उत्तरकाशी। जनपद के दूरस्थ मोरी विकासखंड में एक घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाई। ग्रामीणों ने घायल को पहले निजी वाहन से मोरी अस्पताल पहुंचाया। उसके बाद जब वहां से हायर सेंटर रेफर किया गया तो 108 एंबुलेंस चालक ने वाहन की स्थिति जर्जर होने के कारण घायल को ले जाने से इन्कार कर दिया। फिर लोगों ने घायल को निजी वाहन से पुरोला पहुंचाया। उसके बाद उसे वहां से एंबुलेंस से हायर सेंटर भेजा।बीते बुधवार को भेड़–बकरियां चराने जंगल गए एक बुजुर्ग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिल पाई। जानकारी के अनुसार बड़ासु पट्टी के दूरस्थ गांव ढाटमीर निवासी केदार सिंह भेड़–बकरियां चराने के दौरान गांव के पास जंगल में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों और परिजनों ने किसी तरह निजी वाहन से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी पहुंचाया वहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया। मामला तब और गंभीर हो गया जब घायल को देहरादून ले जाने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पाई। 108 एंबुलेंस की जर्जर हालत के कारण चालक ने जोखिम उठाने से इन्कार कर दिया। करीब दो घंटे तक इंतजार करने के बाद परिजन घायल को निजी वाहन से पुरोला डेरिका तक लेकर आए।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79


फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com